लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष षष्ठी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 16, पृष्ठ 16+4, मूल्य: 6 रुपये
एक सम्पूर्ण अखबार
बरेली, रविवार, 3 दिसंबर 2023

PAGE NO, 05, BOTTOM

शाहीन सलमानी ने गीतों से बांधा समां, झूम उठे छात्र

एसआरएमएस में जेस्ट में प्रस्तुति देती कलाकार। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार : श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एसआरएमएस सीईटी) में शनिवार को दो दिवसीय 'वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव जेस्ट-2023' का शानदार समापन सूफी रॉक बैंड "रॉकनामा बैंड" की प्रस्तुति से हुआ। इससे पहले श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने जेस्ट में आयोजित सभी 38 सांस्कृतिक स्पर्धाओं के विजेताओं को ट्राफी और सर्टिफिकेट प्रदान किए।

मुख्य गायिका शाहीन सलमानी देर शाम जब अपने बैंड के साथ स्टेज पर पहुंचीं तो विद्यार्थियों ने उनका इस्तकबाल किया। उन्होंने भी इस खूबसूरत शाम को न भूलने वाली यादगार शाम बनाने का एलान किया। उन्होंने फिल्म कबीर सिंह के चर्चित गाने कैसे हुआ.. कैसे हुआ... तू इतना जरूरी कैसे हुआ से स्टार नाइट की शुरुआत की। इस दौरान अन्य गायकों ने भी शानदार प्रस्तुतियां दीं। महोत्सव के दूसरे दिन का आगाज हैंड्स फ्री पेंटिंग से हुआ। अंताक्षरी, कौन बनेगा चैंपियन, युगल गीत, इंस्ट्रूमेंटल, स्ट्रीट प्ले, शार्ट प्ले जैसी 15 स्पर्धाओं में प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, ट्रस्टी ऋचा मूर्ति , सुभाष मेहरा, डा.प्रभाकर गुप्ता, प्रिंसिपल डा.एलएस मौर्या, डा.एमएस बुटोला, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा. आरपी सिंह, प्रिंसिपल डा.जसप्रीत कौर मौजूद रहे।